# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001

email- jdajodhpur@yahoo.com वेब-साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612036/2656355-7 Fax 021-2612086


क्रमांक / टीसीबी / 2016 / दिनांक :: मई, 2016

## बैठक कार्यवाही विवरण

जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक दिनांक 3 मई, 2016 को सांय 4.30 बजे श्री दुर्गेश कुमार बिस्सा, जोधपुर विकास आयुक्त एवं अध्यक्ष, जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में प्राधिकरण स्थित कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची परिशिष्ट–1 पर संलग्न है।

**प्रस्ताव संख्या 1 :: गत बैठक दिनांक 11 मार्च, 2016 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि**

जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की गत बैठक दिनांक 11 मार्च, 2016 का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत हुआ। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से गत बैठक दिनांक 11 मार्च, 2016 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 2 :: जोधपुर में विभिन्न स्थानों पर बस स्टेण्ड अधिसूचित करने के संबंध में।**

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर के पत्र क्रमांक य–2 ( ) जोध / पु. उपा. / 2016 / 29092–05 दिनांक 3 मई, 2016 के अनुसार जिला कलक्टर, जोधपुर द्वारा दिनांक 25 अप्रैल, 2016 को ली गई बैठक में जोधपुर शहर में विभिन्न स्थानों पर निजी बस वाहनों के लिए अस्थायी बस स्टेण्ड / ठहराव स्थल चिन्हित करने हेतु कमेटी का गठन किया गया। उक्त कमेटी द्वारा शहर में बसों के सुचारू यातायात हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

बैठक में प्रस्तुत रिपोर्ट पर बिन्दुवार विचार कर सर्व सम्मति से निम्नलिखित स्थानों को अस्थायी बस स्टेण्ड / ठहराव स्थल घोषित करने का निर्णय लिया गया:–

1– जोधपुर से नागौर रोड:–

अ– भदवासिया पूल के नीचे रोडवेज वर्कशोप के सामने 9 बसों हेतु:–

1– वर्तमान में संचालित अस्थायी बस स्टेण्ड कृषि मण्डी के सामने संचालित हो रहा है। उसे भदवासिया आर.ओ.बी. के नीचे रेलवे लाईन के पार शिफ्ट किया जावेगा। जिस पर बस ऑपरेटर भी सहमत है।

2– निर्धारित बस स्टेण्ड पर खाली बस भदवासिया की तरफ से आयेगी व यात्री से भरी बस आर.ओ.बी. से होकर राम मोहल्ला चौराहा ज्योति बा फूले सर्कल से मुडकर मण्डोर रोड पर जायेगी। किशोर बाग तक बस का कहीं भी ठहराव नहीं होगा और न ही सवारियां भरी जाएगी।

3– निर्धारित बस स्टेण्ड पर एक समय में 9 बसे ही अस्थायी रूप से ठहराव करेगी। इस व्यवस्था को बस ऑपरेटर स्वयं संचालित करेगे। इससे अधिक बसे पायी जाने पर नियमानुसार बसे जब्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

ब— रामतलाईः—

माननीय उच्च न्यायालय में यंग ब्ल्ड बनाम स्टेट रिट याचिका विचाराधीन होने एवं भूमि नाडी के केचमेन्ट एरिया में आने के कारण वर्तमान में विचार नहीं किया गया।

2— जोधपुर से जयपुर रोडः—

वर्तमान में कल्याणसिंह कालवी प्याऊ पर बस स्टेण्ड अधिसूचित है जहां से निजी मार्ग की बसों का संचालन हो रहा है। जो वर्तमान में उचित है।

3— जोधपुर से पाली रोडः—

पाली रोडपर पीली टंकी के पास व शताब्दी सर्कल के पास अस्थायी बस स्टेण्ड का स्थान निर्धारित करने हेतु विचार विमर्श किया गया। इस रूट के बस ऑपरेटर आज बैठक में उपस्थित नहीं होने से यह निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक में बस ऑपरेटर्स को बुलाया जावे एवं उनके साथ विचार विमर्श कर निर्णय लिया जायेगा।

4— जोधपुर से बाडमेर मार्गः—

बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से दल्लेखां की चक्की के सामने कॉक्सकुटीर की भूमि पर वर्तमान में संचालित अस्थायी बस स्टेण्ड एवं अशोक उद्यान से पहले,हाऊसिंग बोर्ड जाने वाले मार्ग के बायीं ओर स्थित भूमि जो कमेटी द्वारा चिन्हित की गयी है, को अस्थायी बस स्टेण्ड / ठहराव स्थल अधिसूचित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त स्थान पर एक समय में अधिकतम 9 बसों का संचालन किया जा सकेगा।

5— जोधपुर से शेरगढ व तिंवरी मार्गः—

बैठक में अवगत कराया गया कि प्रतापनगर अधिसूचित बस स्टेण्ड से बसों का नियमन रूप से संचालन हो रहा है। अतः उसे ही उचित स्थान माना गया।

तत्पश्चात् बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(दुर्गेश कुमार बिस्सा)
सचिव

क्रमांक / टीसीबी / 2016 / 3170-59 — दिनांक :: 03 मई, 2016

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान, जयपुर
2. महापौर महोदय, नगर निगम, जोधपुर
3. अध्यक्ष महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
4. जिला मजिस्ट्रेट, जोधपुर
5. पुलिस उपायुक्त—पूर्व / पश्चिम / मुख्यालय एवं यातायात / पुलिस अधीक्षक—ग्रामीण, जोधपुर
6. आयुक्त महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जोधपुर
8. महाप्रबन्धक (प्रचालन), राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर

9. अपर मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, जोधपुर
10. अपर मुख्य अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोधपुर
11. अपर मुख्य अभियन्ता, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर
12. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर
13. कमाण्डर 45, सीमा सडक कृतिक बल, जालम विलास, जोधपुर
14. निदेशक–अभियांत्रिक / आयोजना / वित्त / विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
15. उपायुक्त–पूर्व / पश्चिम / उत्तर / दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
16. अधीक्षण अभियन्ता–प्रथम / द्वितीय / तृतीय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
17. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
18. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक), जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को कार्यवाही विवरण का अंकन वेब–साईट पर करने तथा संबंधित अधिकारियों को जरिये ई–मेल प्रेषित करने हेतु प्रेषित हे।
19. ..........................................................................................................

(दुर्गेश कुमार बिस्सा)
सचिव

परिशिष्ट–1

**दिनांक 3 मई, 2016 को सांय 4.30 बजे श्री दुर्गेश कुमार बिस्सा, जोधपुर विकास आयुक्त एवं अध्यक्ष, जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में आयोजित जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण**

| क्र.सं. | नाम अधिकारी मय पदनाम व विभाग |
|---|---|
| 1. | श्री विकास शर्मा, उपायुक्त पुलिस (मुख्यालय एवं यातायात) जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |
| 2. | श्री हरिसिह राठौड, आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर |
| 3. | श्री अर्जुनसिंह राठौड, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर |
| 4. | श्री बी0एल0 मीना, अतिरिक्त उपायुक्त (यातायात) पुलिस, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |
| 5. | श्री मोहनसिंह राजपुरोहित, उपायुक्त–पश्चिम, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 6. | श्री राम लाल सिहाग, अधीक्षण अभियन्ता, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 7. | श्री अतुल बल रत्नू, निदेशक–वित्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 8. | श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद, अधीक्षण अभियन्ता, शहर, जोधपुर डिस्कॉम, जोधपुर |
| 9. | श्री सुरेश व्यास, अधिशाषी अभियन्ता–शहर, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर |
| 10. | श्री कन्हैयालाल चौहान, अधिशाषी अभियन्ता, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 11. | श्री जी.पी.एस. चौहान, अधिशाषी अभियन्ता, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 12. | श्री प्रेमराज खन्ना, जिला परिवहन अधिकारी, जोधपुर |
| 13. | श्री नवरतन लाल गहलोत, अति0 पुलिस अधीक्षक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 14. | श्री शैतानसिंह भाटी, अध्यक्ष, बस यूनियन |
| 15. | श्री मनोहरसिंह राठौड, वाहन मालिक |
| 16. | श्री पुरखाराम, वाहन ऑपरेटर |
| 17. | श्री दिलीपसिह नोख, वाहन मालिक |
| 18. | श्री मोहनराम चौधरी, वाहन मालिक |
| 19. | श्री रामदयाल चौधरी, वाहन मालिक |